# SRU WORLD
(A Monthly News Letter)


Vol : 08 | July 2023 | Page : 8

## गुरुपूर्णिमा महोत्सव

# विश्वविद्यालय में गुरु श्री रवि शंकर महाराज श्री का अभिषेक, शिष्यों ने लिया आशीर्वाद



श्री रावतपुरा रायपुर विश्वविद्यालय में भारतीय संस्कृति के अनुसार आषाढ़ी पूर्णिमा पर गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। सुबह 3 बजे से श्री रवि शंकर महाराज श्री का अभिषेक शुरू किया गया, विविध सामग्रियों से गुरु श्री रवि शंकर महाराज श्री का अभिषेक पूजन हुआ। गुरु पूर्णिमा का पर्व भक्ति भाव के साथ मनाया गया जो सभी को अध्यात्म से जोड़ता है। सभी ने अपने-अपने गुरु की चरण वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ उमड़ी। विश्वविद्यालय में सुबह से गुरु पूर्णिमा पर्व की तैयारी भक्तों ने शुरू की तत्पश्चात भगवान का श्रृंगार कर उनकी आरती की गई। इस दौरान भजन कीर्तन के कार्यक्रम भी किए गए। इसके बाद सभी ने अन्नत श्री विभूषित श्री रवि शंकर महाराज की चरण वंदना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। शाम 7 बजे माँ राज राजेश्वरी का 11 लाख अर्चन किया गया। जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। विधि विधान से वेद मंत्रों की ध्वनि वातावरण में गुंजायमान हो रही थी। कई हवन कुंड बनाए गए जिसमें भक्तों ने देवों को आहुतियां दीं।



# विश्वविद्यालय में जुलाई माह में 20 विधार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय अपने छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्लेसमेंट के अवसर प्रदान कर रहा है। जुलाई माह में विश्वविद्यालय के 20 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट में चयन हुआ। विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित विविध राष्ट्रीय एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में कठोर प्रतिस्पर्धा कर प्रतियोगी छात्र एवं छात्राओं ने अच्छी सैलरी पैकेज प्राप्त करने में सफलता अर्जित की है। प्लेसमेंट का आयोजन करने वाली प्रमुख कम्पनियां- आकृति सुपर स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड, लेनस्ट्रैक, हेल्थ कार्ट, द एग इंडस्ट्रीज ,केवी रिसर्च प्राइवेट लिमिटेड , एनकेएस लीगल सर्विसेज, टेक्नोटस्क बिज़नेस सोलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, हैं। इस माह प्लेसमेंट में एमबीए से प्राची वैष्णव का एचआर एग्जीक्यूटिव , ऑप्टोमेट्रि से भोरम, हेमलता बंजारे, हर्ष मनहर, हेमन्त राज, ट्विंकल साहू, खुलेश साहू, मनीषा साहू, सेजल चंद्राकर, सोनी मणिपुरी, अंजू भारती, शुभम रावत, अनन्या केशरवानी, आनंद मोहन,षष्ठी स्नावास का आई कंसल्टेंट , एमबीए से अनुराग सागर का सेल्स एग्जीक्यूटिव ,एमएलटी से योगिता साहू का लैब तकनीशियन , बायोटेक्नोलॉजी से ऋषिका शर्मा का लैब इंटर्न, एलएलबी से नेहा कुमारी का ट्रेनी लीगल , बी एससी से आस्था सिन्हा, बीबीए से एकता बारिक का सीएसए में चयन हुआ है।


Anju bharti


Manisha Sahoo


Soni Manikpuri


Hemlata Banjare


Shubham Rawat


Ananya kesherwani


Twinkle Sahoo


Sejal chandrakar


Khulesh Sahu


Hemlata Raj


Harsha Manhare


Bhoj banjare


Diksha Mishra


Trilok Singh


Yogita Sahu


Ekta Barik


Astha Sinha


Prachi Vaishnav

**Highest Salary Package**

**8 Lakh**

# विश्वविद्यालय में मनाया गया सद्गुरू प्राकट्य महोत्सव एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस, सद्गुरू ने किया 400 बिस्तर वाले हॉस्पिटल का ई – लोकार्पण, प्राकट्य महोत्सव में किया गया नेत्र जांच, रक्तदान शिविर एवं मोतियाबिंद का संपूर्ण ईलाज एवं दवाई का निःशुल्क वितरण



श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से परम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज (रावतपुरा सरकार) जी के प्राकट्य महोत्सव एवं विश्वविद्यालय स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें सद्गुरु ने अपने आशीर्वचनों से युवाओं को प्रेरित किया और बताया की उन्होंने उच्च शिक्षा की दिशा में जो सपने देखें और जन सेवा के लिए जो पहल की उसे पूरा होता देख आज ख़ुशी हो रही है श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विश्वविद्यालय है जो अपने संकल्पो, प्रकल्पो के माध्यम से नित्य नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। विश्वविद्यालय ग्रंथागार, अनेक प्रयोगशालाए राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, उन्नत भारत अभियान, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण कार्यालय मुख्य कुलानुशासक कार्यालय, परिवहन विभाग एवं विभिन्न शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक विभागो द्वारा विद्यार्थियों को निरंतर सेवाए एवं सुविधाए प्रदान कर रहा है। प्राकट्य महोत्सव की शुरुआत सुबह हवन-पूजा और प्रार्थना के साथ की गई जिसमें भक्तगणों का मेला लगा। प्राकट्य महोत्सव पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डी. पी. सिंह, राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के निदेशक प्रो. एन.वी. रमन्नाराव, पं. रविशंकर शुक्ल युनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव भाई शर्मा उपस्थित हुए।

सभी अतिथियों ने परम पूज्य अनंत श्री विभूषित श्री रविशंकर जी महाराज (रावतपुरा सरकार) जी के चरणों में सत-सत नमन किया और सद्गुरु के प्रति अपनी आस्था और भाव प्रकट किया। सभी ने महाराज जी के उद्देश्यों, परिकल्पनाओं और आदर्शों से जन कल्याण पर जो कार्य हो रहें है उस पर अपने भाव प्रकट किये वो समाज के लिए लाभदायक हैं श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय, 400 बिस्तर वाले हॉस्पिटल का निर्माण समाज के लिए एक उपलब्धि है। हम आज यह उपस्थित है और सद्गुरु जी का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है इसके लिए आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर सद्गुरु के शुभ हाथों से श्री रावतपुरा सरकार इस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस एवं रिसर्च (SRIMSR) नवा रायपुर के 400 बिस्तर वाले हॉस्पिटल का ई - लोकार्पण किया गया। साथ ही श्री रावतपुरा सरकार युनिवर्सिटी कैंपस के बालक छात्रावास का ई-भूमिपूजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के MSME चैंपियन योजना के अंतर्गत SRU ईन्क्यूबेशन, कंपोनेट के होस्ट इंस्टिट्यूट कार्यालय का शुभारंभ एवं डाक्युमेन्ट्री फिल्म का प्रदर्शन



किया गया। इस अवसर पर नेत्र जांच, रक्तदान शिविर एवं मोतियाबिंद का संपूर्ण ईलाज एवं दवाई पूर्णतः निःशुल्क वितरित किया गया। प्राकट्य महोत्सव के शुभ अवसर पर श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के उपाध्यक्ष डॉ. जे. के. उपाध्याय ने स्वागत उद्बोधन में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत किया और उन्होंने कहा की महाराज जी की परिकल्पनाओं को सफल होता देख आज काफी प्रसन्नता हो रही है। ट्रस्ट की ओर से स्थापित सभी संस्थानों की स्थापना का उद्देश्य समाज में रोजगार उपलब्ध कराने और युवाओं तक उच्च शिक्षा पहुंचने के माध्यम को सरल के लिए की गई है। हमें यह बताते हुए हर्ष हो रही है की इस साल नर्सिंग का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है हम यही कोशिश करते है की छात्रों को गुणवत्ता परख शिक्षा प्रदान करें। सचिव श्री अतुल तिवारी ने श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट की अनवरत यात्रा का संक्षिप्त परिचय दिया उन्होंने श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट की स्थापना और उसके आज तक के सफर से सभी को परिचित कराया। उन्होंने बताया की ट्रस्ट के सभी संस्थानों और उसके निर्माण की परिकल्पनाओं को कैसा पूरा किया गया हैं और ये सभी उपलब्धियां महाराज जी के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से प्राप्त हुई है। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने अपने उद्बोधन सर्वप्रथम सद्गुरु के चरणों में नमन किया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा की यह विश्वविद्यालय अध्यात्म सेवा और शिक्षा का संगम है विश्वविद्यालय अपनी हरीभरी सुगम्यता से ओत-प्रोत है इस कैम्पस की प्रकृतिक हवा को और अधिक शंतिमय बनाते है। विश्वविद्यालय हमेशा अलग हट कर, नया करने और सामाजिक परिवेश के अनुकूल शिक्षा की व्यवस्था करने में आगे है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।



कुलपति प्रो. एस. के. सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया और आज श्रावण मास कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि (5 जुलाई 2023) का यह दिवस हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है जहाँ एक ओर हम सभी विश्वविद्यालय परिवार के आधार स्तम्भ रूप मुखिया का प्राकट्य दिवस मना रहे हैं और साथ ही साथ परम श्रद्धेय महाराज जी के सपनों के विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इन दो शुभ अवसरों का एक साथ होना हम सभी के लिए सौभाग्य का क्षण है। इन सौभाग्य के क्षण में मैं परम श्रद्धेय कुलाधिपति अनंत श्री विभूषित संत शिरोमणि श्री रावतपुरा सरकार महाराज जी के चरणों में शत-शत नमन-वंदन करता है।

प्राकट्य महोत्सव के अंत में भक्तजन और विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। सभी ने हर्षोउल्लास के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।



# विश्वविद्यालय में मनाया गया छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली





छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार "हरेली" के अवसर पर, श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोक गायक ओम धीवर , युवा गायक मनोहर यादव , विश्वविद्यालय कि प्रोफेसर सिंदूरा भार्गव द्वारा विभिन गीतों की प्रस्तुती दी गई साथ ही छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार "हरेली" के बारे में बताया गया और छत्तीसगढ़ संस्कृति की ओर सभी का ध्यान केन्द्रित किया . आयोजन का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस. के सिंह एवं कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया| तत्पश्चात छत्तीसगढ़ संस्कृति से सदेव जोड़े रखने के लिए आयोजन के उद्घोषक सागर साहू द्वारा कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी त्यौहार, संस्कृति और पहनावा से सम्बंधित प्रश्न पूछा गया जिसमें सही उत्तर देने वाले विजेताओं को सम्मानित किया गया|

श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री रवि शंकर जी महाराज ने हरेली त्यौहार के अवसर पर विश्वद्यालय के सभी छात्र- छात्रों एवं समस्त स्टाफ मेम्बर को शुभकानाए दी |

# एसआरयू में व्याख्यान श्रृंखला 2023-24 कि शुरुवात

व्याख्यान श्रृंखला का पहला सत्र श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में 20 जुलाई 2023 कोआयोजित गया , जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के छात्रों को उनके विशेष क्षेत्र से संबंधित ज्ञान अनुभवी व्यक्तियों के व्यावहारिक अनुभवों से उन तक पहुचना और उन्हें अपने क्षेत्र के प्रति जागरूक करना है|

सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने कहा कि व्याख्यान श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के नए शैक्षणिक सत्र और शैक्षणिक सत्र की स्थिति को गति देना है| इस व्याख्यान श्रृंखला में, हम विशेषज्ञ और अनुभवी उत्कृष्ट शिक्षाविदों को उनके अनुभव से लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करते रहे है|

प्रोफेसर वेंकटेश एन. दुबे, एनआरआई वेलफेयर सोसाइटी ऑफ इंडिया से हिंद रतन पुरस्कार विजेता और प्रोफेसर मेडिकल रोबोटिक्स, बोर्नमाउथ यूनिवर्सिटी (यूनाइटेड किंगडम) ने "मेडिकल समस्याओं को हल करने के लिए इंजीनियरिंग और कंप्यूटिंग में अनुसंधान और नवाचार" विषय पर अपना अनुभव साझा किया| जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से स्ट्रोक (लकवा) की समस्या से पीड़ित लोगों की सहायता के लिए "ऐबल रोबोट" के बारे में चर्चा की|

प्रोफेसर वेंकटेश दुबे ने अपने विषय में स्ट्रोक (लकवा)संख्यात्मक जानकारी पर चर्चा करते हुए कहा कि हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति को स्ट्रोक होता है और संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत में इस समस्या के बारे में बताया गया है| इसके साथ ही वर्तमान पुनर्वास प्रथाओं, वाणिज्यिक वीआर पुनर्वास प्रणाली और विशेष स्ट्रोक की समस्या जैसे स्नैक बार, पहेली और फल पकड़ने वालों के लिए जनशक्ति विशेष रूप से फिजियोथेरेपिस्ट की भौतिक दक्षता को कम करने के लिए विभिन्न प्रकार की प्रथाओं के बारे में चर्चा की गई|

अंत में धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने दिया और श्रृंखला के वक्ता को अपने अनुभव साझा करने के लिए धन्यवाद दिया|

विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति श्री हर्ष गौतम ने भी छात्र हित को लेकर विश्वविद्यालय में होने वाली व्याख्यान श्रृंखला की सराहना करते हैं|



# विश्वविद्यालय में चल रही दीक्षांत समारोह की तैयारियां , कुलपति डॉ. एस.के. सिंह ने की राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात

श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. एस.के. सिंह ने बुधवार 20 जुलाई को राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की। कुलपति ने राज्यपाल से विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ शर्मा भी उपस्थित थे।



# विश्वविद्यालय एवं मेडप्लस ने किया एमओयू




श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय एवं ऑप्टिवल हेल्थ सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड छत्तीसगढ़ (मेडप्लस ) के बीच एमओयू किया गया। एमओयू का उद्देश्य राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रशिक्षण प्रदान करना एवं छत्तीसगढ़ राज्य में खुदरा फार्मेसी स्टोर में संचालित ऑप्टिवल हेल्थ सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ पूर्णकालिक रोजगार उपलब्ध कराना हैं।

बता दें की ऑप्टिवल हेल्थ सॉल्यूशंस ओरविट लिमिटेड, छत्तीसगढ़ क्षेत्र एक खुदरा श्रृंखला फार्मेसी स्टोर है जो अपने खुदरा दुकानों के माध्यम से ग्राहकों को दवाएं उपलब्ध कराता है जिसके साथ श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय ने छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक पहल की है जहां छात्रों को पहले ट्रेनिंग दी जाएगी और फिर उन्हें रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति डॉ. एस. के. सिंह एवं कुलसचिव डॉ.सौरभ कुमार शर्मा ने एमओयू के लिए बधाई दी और आने वाले भविष्य के लिए सभी को शुभकामनाएँ दी।

# विश्वविद्यालय में हुआ पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों ने दिखाई अपनी क्रिएटिविटी

श्री रावतपुरा रायपुर विश्वविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय ने 27 जुलाई 2023 को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में जागरूकता पैदा करना और कल्पना, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता का विषय था वस्तुओं एवं सेवाओं का विज्ञापन, यातायात नियम, छत्तीसगढ़ पर्यटन, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बिजनेस मीट था।

प्रतियोगिता में सभी पोस्टरों का मूल्यांकन निर्णायकों द्वारा किया गया, रेवती रमन चंद्र सहायक प्रोफेसर,संतोषी साहू सहायक प्रोफेसर, अंकिता ठाकुर सहायक प्रोफेसर ने विजेताओं की घोषणा की जिसमें प्रथम पुरस्कार एकल शीर्ष गुप्ता बीबीए पंचम, द्वितीय पुरस्कार एकल सुजाता साहू बीबीए पंचम और प्रथम पुरस्कार समूह निशा साहू, गीतिका साहू, रिया मिश्रा बीबीए और द्वितीय पुरस्कार मंजरी शर्मा, अदिति सचदेव, आरुषि कहासे बीबीए को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता का समापन डॉ. अनूप श्रीवास्तव डीन (वाणिज्य एवं प्रबंधन) द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए एक बेहद सफल और यादगार सीखने वाली प्रतियोगिता रही। प्रतियोगिता में समन्वयक के तौर पर सिन्दूरा भार्गव (प्रबंधन) एवं स्तुति सिंह (वाणिज्य) उपस्थित रहे।



माननीय केन्द्रीय केबिनेट मंत्री सूचना एवं प्रसारण, युवा तथा खेल मंत्रालय


# श्री अनुराग ठाकुर जी

के करकमलों से दिनांक : 25 फरवरी, 2023 कोशुभारंभ किया गया
जो विद्यार्थीयों के लिए उपयोगी साबित हो रहा है ।

## अब एक क्लिक में पूरी जानकारी

### SRU Student Mobile App Facilities

- No-Dues
- Lecture Feedback
- Library
- Leave Details




## सम्पादकीय समिति

**प्रेरणाश्रोत : परम पूज्य श्री रविशंकर जी महाराज**

| श्री हर्ष गौतम | प्रो. एस. के. सिंह | डॉ. सौरभ कुमार शर्मा |
|---|---|---|
| प्रति - कुलाधिपति | कुलपति | कुलसचिव |

| प्रधान संपादक | संपादक | छायाचित्र | ग्राफिक्स डिज़ाइन |
|---|---|---|---|
| राजेश तिवारी | हिना परवीन | शुभम नामदेव | दिनेश कुमार सिन्हा |

# SRU
## SHRI RAWATPURA SARKAR UNIVERSITY

Approved & Recognized By : | 13TH PRIVATE UNIVERSITY IN INDIA WITH "UGC 12 (B)" STATUS

**हम विद्यार्थियों को केवल शिक्षित ही नहीं करते, बल्कि उन्हें रोजगार योग्य भी बनाते हैं**

## चार माह में 300 से अधिक रिकॉर्ड प्लेसमेंट

Total Placement in Four Month

| | |
|---|---|
| Engineering | 42 |
| Commerce and Management | 97 |
| Science and Pharmacy | 67 |
| Arts | 54 |
| Law | 11 |
| Nursing | 24 |
| ITI | 5 |

### COURSES OFFERED

**ENGINEERING**
- Diploma
- Diploma (Part Time)
- B. Tech.
- B. Tech. (Part Time)
- M. Tech.
- M. Tech. (Part Time)

**SCIENCE & IT**
- B.Sc.
- B.Sc. (Hons)
- M.Sc.
- B.Sc. (C.S.)
- M.Sc. (C.S.)
- D.C.A.
- P.G.D.C.A.
- B.C.A.
- M.C.A.

**ARTS**
- B.A.
- B.A. (Hons)
- M.A.
- B.S.W.
- M.S.W.

**PHARMACY**
- D. Pharmacy
- B. Pharmacy

**LIBRARY & INFO. SCIENCE**
- B. Lib. & I. Science
- M. Lib. & I. Science

**EDUCATION**
- B. Ed. Spl. Education
- B.P.Ed.
- B.Ed.
- D.L.Ed.
- BPES
- MPES

**LAW**
- B.A. LLB.
- B.COM. LLB.
- L.L.B
- L.L.M.

**COMMERCE & MANAGEMENT**
- B. Com.
- B. Com. (Hons.)
- M. Com.
- B.B.A.
- M.B.A.
- M.B.A. (Part Time)
- Executive M.B.A.
- B.B.A.+M.B.A. (Integrated)
- PG Diploma

**FASHION & INTERIOR DESIGN**
- Diploma
- P.G. Diploma
- B. Sc.
- M. Sc.
- B. A.
- M.A.

**JOURNALISM & MASS COM.**
- B.J.
- M.J.
- B. A. (JMC)
- M. A. (JMC)

**YOGA**
- Diploma in Yoga
- P.G. Diploma in Yoga
- B.A. (Yoga)
- M. A. (Yoga)
- B.Sc. (Yoga)
- M. Sc (Yoga)

**HEALTH & ALLIED SCIENCES**
- Bachelor of Optometry
- Master of Optometry

**HOTEL MANAGEMENT**
- Diploma in Hotel Management
- B.B.A (HM)
- B.H.M.C.T.
- M.B.A (HM)

**RESEARCH**
- Ph. D.

**D. VOC & B. VOC**
- Medical Lab Technology
- Medical Imaging Technology
- Patient Care Assistant
- Dialysis Technology
- Data Entry Operator
- Refrigeration & Airconditioning
- Cookery

## Companies Shared for Placement

TOYOTA, Reliance, Dr.Reddy's, ICICI Bank, IndusInd Bank, UltraTech, Ambuja Cement, IDFC First Bank, BYJU'S, vedanta, HIRA, TITAN EYEWEAR, Bandhan Bank, CRYOVIVA, Justdial, IntelliPaat, Johnson, Vandana Global, नवभारत, Apollo Pharmacy, elysium, Capgemini

7222910411
NH-30, Post Mana, New Dhamtari Road, Raipur (C.G.) India
Follow on : / sruraipurindia /shrirawatpurasarkar